# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भनगर जिले के त्रिवेणी संगम पर महाकुम्भ की तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया और साधु संतों के साथ मुलाकात की। उन्होंने डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का भी उद्घाटन किया ।

मुख्यमंत्री आज देर शाम तक और कल दोपहर बाद तक कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह कल आकाशवाणी के विशेष चैनल कुंभवाणी का भी शुभारंभ करेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश के अस्थायी जिले, महाकुंभ नगर में महाकुंभ दो हजार पच्चीस की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पेश है एक रिपोर्ट–

***तेरह जनवरी से शुरू हो रहे सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ में 45 दिनों में करीब 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। भक्त आसानी से संगम में स्नान कर सकें, इसके लिए संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों को नए सिरे से विकसित किया गया है। मेला अधिकारी अभिनव पाठक ने बताया कि संगम तट पर गंगा और यमुना के किनारे सात पक्के घाट बनाए गए हैं। सभी घाटों पर चेंजिंग रूम बनाए गए है। हर घाट पर डमरु, त्रिशूल जैसे अलग–अलग प्रतीक चिन्ह लगाए गए हैं, ताकि घाटों को लोग आसानी से पहचान सकें। इसके अलावा लोगों की सुरक्षा के लिए वॉच टावर लगाए गए हैं। सुरक्षित स्नान के लिए वॉटर बैरिकेडिंग के साथ जल पुलिस को भी तैनात किया गया है। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

महाकुम्भ में सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए भी व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रयागराज जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने कल पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्य स्नान पर्व के एक दिन पहले से ही शहर और मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन रहेगा। दूसरे शहरों से आने वाले वाहनों को शहर के बाहर बनाए गए पार्किंग स्थलों पर ही रोक दिया जाएगा।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के दो विशेष गीतों का लोकार्पण किया है। हमारे नई दिल्ली समाचार कक्ष की यह एक रिपोर्ट–

***आकाशवाणी के लिए इस गीत को रतन प्रसन्ना ने गाया है और संगीत संतोष नाहर और रतन प्रसन्ना का है। दूरदर्शन द्वारा निर्मित इस शीर्षक गीत महाकुंभ है को पद्मश्री से सम्मानित कैलाश खेर ने गाया है। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ और दूरदर्शन के महानिदेशक कंचन प्रसाद भी उपस्थित रहे। भूपेन्द्र और सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।***

सूचना और प्रसारण मंत्री ने दोनों विशेष गीतों को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट भी किया है।

**********

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह कल गोरखपुर महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। यह महोत्सव बारह जनवरी तक चलेगा। गोरखपुर के मंडलायुक्त अनिल ढींगरा और जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि महोत्सव का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इससे जुड़ा शिल्प मेला सोलह जनवरी तक चलेगा। पेश है हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***रामगढ़ ताल के चंपा देवी पार्क में तीन दिन चलने वाले गोरखपुर महोत्सव में पहले दिन बॉलीवुड के कलाकार जुबिन नौटियाल अपने गानों से दर्शकों को आनंदित करेंगे। दूसरे दिन 11 जनवरी को भोजपुरी नाइट में वाराणसी के भोजपुरी कलाकार रितेश पांडे अपने सुरों की ताल ठोकेंगे। महोत्सव के समापन के दिन 12 जनवरी को सूफी गायक ऋचा शर्मा के गाने होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए, गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर***

मेले में विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के अलावा प्रत्येक जिले से एक जिला एक उत्पाद–ओडीओपी की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**********

निराश्रित विधवा के विवाह करने पर दंपति को सरकार की तरफ से ग्यारह हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। यह जानकारी कुशीनगर जिले के जिला प्रोबेशन अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं के पुनर्विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए यह विशेष योजना चलाई जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए अठारह से पैंतिस वर्ष के आयु वर्ग की निराश्रित विधवा से विवाह के एक वर्ष के भीतर दंपति का आवेदन करना अनिवार्य है।

**********

प्रदेश में अभी कोहरे का असर बना रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि प्रदेश में अगले चौबीस घंटे बाद चार दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की धीरे धीरे गिरावट होगी। इससे ठंड बढ़ेगी। प्रदेश में कल कई स्थानों पर घना कोहरा रहेगा । इसके बाद रात में और सुबह के समय हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना है। इस बीच, गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में थोड़ी देर के लिए आज धूप निकली, लेकिन गलन भरी ठंड बनी हुई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में ग्यारह जनवरी को बारिश की भी संभावना है।

**********